# समाज कार्य स्नातक

## (बीएफएसडब्ल्यू)

## सत्रीय कार्य : 2027–2028

| |
|---|
| अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीख<br>जनवरी, 2027 सत्र–सितम्बर 30,2027<br>जुलाई, 2027 सत्र–मार्च 31,2028 |

# समाज कार्य स्नातक

## (बीएसडब्ल्यूजी)

## सत्रीय कार्य : 2027–2028

| |
|---|
| अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीख<br>जुलाई, 2026 सत्र–मार्च 31,2027<br>जनवरी, 2027 सत्र–सितम्बर 30,2027 |

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समाज कार्य कार्यक्रम में आपका स्वागत है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के कार्यक्रम अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**(प्रो.सायन्तनी गुइन)**
कार्यक्रम संयोजक
(बीएफएसडब्ल्यू/बीएसडब्ल्यूजी)
**email:bswinfo@ignou.ac.in**
Ph: 011–29571698

# समाज, सामाजिक संस्थाएं और सामाजिक समस्याएं

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–122**
**कुल अंक – 100**

नोट :

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **पाँच** के उत्तर **500** शब्दों में दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. उदाहरणों के साथ प्राथमिक और द्वितीयक समूहों के बीच संबंधों पर चर्चा करें। 20

2. व्यक्ति और समाज के बीच संबंधों पर जैविक सिद्धांत की व्याख्या करें। 20

3. समाजीकरण की मुख्य एजेंसियों पर संक्षेप में चर्चा करें। 20

4 आप 'संघर्ष' शब्द से क्या समझते हैं? चर्चा करें कि यह मानव समाज में हमेशा क्यों मौजूद है? 20

5. व्यक्ति के विकास और उन्नति में परिवार की भूमिका की चर्चा करें। 20

6. आधुनिक काल में जाति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं? 20

7. राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) के कार्यों और गतिविधियों का वर्णन करें। 20

8. विभिन्न प्रकार की सामाजिक समस्याओं और सरकार द्वारा किए गए उपायों पर संक्षेप में चर्चा करें। 20